भारत-नेपाल सीमा पर शराब तस्करी का प्रयास नाकाम, क्रेटा कार से 648 बोतल रम बरामद

नौतनवां (महराजगंज)। (आज) भारत-नेपाल सीमा पर अवैध शराब की तस्करी के प्रयास को नौतनवा पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने नाकाम कर दिया।

रविवार को नौतनवा थाना क्षेत्र के बैरियहवा पुल के पास घेराबंदी कर एक क्रेटा कार से 648 बोतल ओल्ड मंक रम बरामद की गई। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर कार समेत शराब को कब्जे में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार, रविवार को पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम बैरियहवा पुल के पास संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर यूपी 23 एडब्ल्यू 6249 नंबर की क्रेटा कार को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान कार में रखे नौ नीले रंग के बैग बरामद हुए। बैगों की तलाशी लेने पर उनमें कुल 648 बोतल ओल्ड मंक रम मिली। पुलिस ने मौके से हरियाणा के रेवाड़ी निवासी 27 वर्षीय हरि ओम प्रजापति, दिल्ली के सागरपुर निवासी 24 वर्षीय मनीष कुमार और नेपाल के कास्की जिले के देउराली निवासी 34 वर्षीय विजय भुजेल को गिरफ्तार किया। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।



◆पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने तीन आरोपियों को दबोचा, हरियाणा, दिल्ली और नेपाल के रहने वाले हैं आरोपी

इस संबंध में थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम ने शराब और तस्करी में प्रयुक्त क्रेटा कार को कब्जे में ले लिया है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर शराब की तस्करी से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

छड़ लदे ट्रैक्टर में अनियंत्रित ट्रक ने मारी टक्कर, चालक की मौत

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवां थाना क्षेत्र के सहबाजगंज के पास रविवार सुबह करीब 6 बजे एक ट्रक ने छड़ लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रॉली सहित ट्रैक्टर पलट गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, एक ट्रक बस्ती से गोरखपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सहबाजगंज ओवरब्रिज के पास पहुंचा, असंतुलित होकर सामने जा रहे छड़ लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मार दी और ओवरब्रिज के पास रुक गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर ट्रॉली से छिटककर पलट गया। हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने हाईवे से ट्रैक्टर को हटवाया और ट्रक को हटवाकर आवागमन सुचारू कराया। इस संबंध में सहजनवां थाना के एसएसआई बलिराम पांडेय ने बताया कि ट्रक चालक गाड़ी छोड़कर भाग गया है। ट्रक पुलिस कस्टडी में है। ट्रैक्टर के मालिक का पता लगाया जा रहा है। मृतक ट्रैक्टर चालक की पहचान देवनाथ (30) निवासी कुंवार, थाना कैंपियरगंज, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कृष्णचन्द्र बने भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक

मोतीरामअड्डा (गोरखपुर)। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश संगठन ने 31 अक्टूबर 2026 को विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की घोषणा की। इसमें गोरखपुर महानगर के कृष्ण चन्द्र वर्मा को पंचायत प्रकोष्ठ का सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर केन यूनियन सरदार नगर के डायरेक्टर प्रहलाद सिंह, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश यदुवंशी, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुन्नी लाल चौहान, आनंद मिश्रा, भागवत राय, राधे मोहन सिंह, राकेश त्रिपाठी और राम चंद्र वर्मा सहित अन्य लोगों ने मिठाई खिलाकर बधाई दी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि कृष्ण चन्द्र वर्मा अपने अनुभव और सक्रियता से पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की गतिविधियों को गति देंगे।



◆पार्टी के कार्यकर्ताओं में खुशी लहर

••••••छठ महापर्व की तैयारियां शुरू••••••
चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने घाटों का किया निरीक्षण

बड़हलगंज (गोरखपुर)। आस्था और विश्वास के महापर्व छठ को पूरी भव्यता और दिव्यता से सम्पन्न कराने के लिये नगर पंचायत प्रशासन ने कमर कस ली है। रविवार को चेयर मैन प्रतिनिधि महेश उमर ने अपने साथियों के साथ नगर के छठ घाटों पर साफ-सफाई के आवा गमन के बेहतर बनाने के लिये शुरू हुये कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन चेयरमैन डॉ. प्रीति महेश उमर के नेतृत्व में चिल्हूपार विधायक राजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में छठ महापर्व पूरी सुरक्षा, भव्यता और आस्था के साथ सम्पन्न कराने के निगम, पुरुषोत्तम जा., अमरनाथ परमात्मा पटवा, हिमांशू गौड़, उमेश यादव आदि मौजूद थे।



लिये कृत संकल्पित है। इस अवसर पर सभासद दीपक शर्मा, राजकुमार उमर, पवन यादव, एडवोकेट शिवम गुप्ता, शिवम सोनी, संजय पटवा,

नौकरी दिलाने के नाम पर 8.50 लाख हड़पने और धमकी देने का केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। वन विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 8.50 लाख रुपये हड़पने और रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, दीपू शर्मा पुत्र प्रभुनाथ शर्मा निवासी इंद्रपुर, थाना गौरी बाजार, जिला देवरिया को जालसाजों ने मध्य प्रदेश वन विभाग में वन रक्षक की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 8.50 लाख रुपये ले लिए। जालसाजों ने पीड़ित को फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया था। नौकरी नहीं मिलने पर जब पीड़ित ने रुपये वापस मांगे, तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अभिषेक राज, शनि राज निवासी डुमरी, थाना सहजनवां और दिव्य प्रकाश सिंह निवासी बांसगांव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मुख्य सड़क पर नाबदान का पानी गिरने से वार्ड के लोग परेशान

गोलाबाजार (गोरखपुर)। गोला उपनगर के वार्ड नंबर-6 में स्थित बारात घर की ओर जाने वाला मुख्य सड़क पर नाबादन का पानी बह रहा है। जिससे लोगों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बच्चे गिर कर चोटिल हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि जल निकासी की यदि व्यवस्था हो जाती तो इस समस्या का समाधान हो जाता। वार्ड के सभासद प्रतिनिधि इम्तियाज मंसूरी (गुड्डू बाबा) वसीम, इम्तियाज अहमद राजा आदि का कहना है कि इस वार्ड का यह मुख्य सड़क है। यह सड़क बारात घर के तरफ जाती है। जल निकासी की व्यवस्था न होने से सड़क पर नाबदान का पानी बह रहा है। इस वार्ड के लोगों ने सड़क पर इस समय ईट रख किसी तरह से इस मार्ग से आ जा रहे हैं। इसी मार्ग से स्त्री पुरुष मुख्य कस्बा में बाजार करने, व्यवसाय करने आते जाते हैं। इसी रास्ते इस वार्ड के छोटे छोटे बच्चे पैदल अपने अपने स्कूल आते-जाते हैं। जो गिर कर चोटिल तो होते ही रहते हैं। कभी कभी गिर कर उनका ड्रेस गंदा हो जाता है। लोगों का यह भी कहना है यह सड़क तो बनी लेकिन लोगो के नाबदान का पानी निकालने के लिए नाली की व्यवस्था ही नहीं की गई इससे करीब दो दर्जन लोगों के घर के नाबदान का पानी सड़क पर बह रहा है।



सबसे बड़ी बात तो यह है कि नगर पंचायत के चेयर मैन का निवास भी इसी वार्ड में है। वह भी कभी कभार इसी मार्ग से आती जाती हैं। लेकिन इस सड़क पर उनका ध्यान नहीं जाता है। लोगों ने नगर प्रशासन से शीघ्र जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।

चौरीचौरा में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से पूर्व हाउस अरेस्ट हुए दो व्यापारी नेता

चौरीचौरा (गोरखपुर)। चौरीचौरा में वाई मॉडल के ओवर ब्रिज की मांग को लेकर लगातार मांग कर रहे सर्राफा संघ के अध्यक्ष पीयूष खेतान व व्यापारी नेता भुवन पति निराला को पुलिस ने सीएम के कार्यक्रम से पूर्व हाउस अरेस्ट किया गया। बताते चले की इन लोगों सहित मुंडेरा बाजार के सभी व्यापरियों ने वाई मॉडल ओवरब्रिज की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था और बाजार बंद करके वाई मॉडल पुल को बनाने की मांग किया था। सोशल मीडिया पर व्यापारी नेताओं द्वारा तैयार एल मॉडल रेलवे ओवरब्रिज का विरोध किया गया था। इसके कारण पुलिस ने दोनो व्यापारी नेताओं को रविवार को मुख्य मंत्री के रेलवे ब्रिज उद्घाटन कार्यक्रम से पहले हाउस अरेस्ट कर लिया था। इस मामले में व्यापारी नेता भुवनपति निराला ने कहा कि उनका शासन व प्रशासन से कोई विरोध नही है। मुंडेरा बाजार के व्यापारीयों की हित को लेकर मांग की जा रही है और आगे भी मांग जारी रहेगा। व्यापारी नेता भुवन पती निराला, हाउस अरेस्ट स्वर्ण कार व्यापारी नेता पीयूष खतान, व्यापारी नेता भुवन पती निराला



छः युवा क्रिकेटरों का लखनऊ राइजिंग जायंट्स के लिए चयन

मोतीरामअड्डा (गोरखपुर)। मोतीराम अड्डा स्थित सनराइज क्रिकेट क्लब में अभ्यास करने वाले गोरखपुर के छह युवा क्रिकेटरों का लखनऊ राइजिंग जायंट्स टीम के लिए चयन हुआ है।

ये खिलाड़ी सिद्धार्थनगर में आयोजित होने वाले चयन मैच में हिस्सा लेंगे। इस उपलब्धि से क्लब में खुशी का माहौल है। चयनित खिलाड़ियों में अंश निषाद, राज निषाद, आयुष कनौजिया, कृष्णा यादव, अभिनंदन यादव और बंटी मौर्य शामिल हैं। ये खिलाड़ी सनराइज क्रिकेट क्लब में नियमित अभ्यास करते हैं। क्लब के कोच दीपक कुमार और मनीष यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि क्लब के लिए उत्साहजनक है। चयन मैच में खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

◆सनराइज क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी सिद्धार्थनगर में चयन मैच में लेंगे हिस्सा

फ्रेशर्स पार्टी नए छात्रों के लिए कॉलेज जीवन की शानदार शुरुआत-प्रो.संतराम वर्मा

बड़हलगंज (गोरखपुर)। फ्रेशर्स पार्टी किसी भी कॉलेज या स्कूल के जीवन का खास और यादगार हिस्सा होती है। यह नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत के साथ ही उनके मन से नए माहौल की झिझक और घबराहट दूर करने का बेहतर माध्यम है।

उक्त बातें फ्रेशर्स पार्टी के मुख्य अतिथि दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्व विद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रो. संतराम वर्मा ने कहीं। विशिष्ट अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य प्रबंधक वेंकटेश पांडेय ने कहा कि कॉलेज में प्रवेश लेना हर छात्र के जीवन का नया मोड़ होता है। नए माहौल और अनजान चेहरों के बीच फ्रेशर्स पार्टी नवप्रवेशियों को संस्थान के परिवार से जोड़ने का काम करती है। अतिथियों का परिचय कराते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि फ्रेशर्स पार्टी केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि कॉलेज जीवन के सुनहरे सफर की शुरुआत है। यह नए छात्रों को अपनत्व का एहसास कराती है।



◆नवप्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

वरिष्ठ छात्रों द्वारा कनिष्ठों के प्रति सम्मान प्रदर्शित करना उनमें अच्छे संस्कारों का रोपण करने जैसा है। महाविद्यालय के प्रसार विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ. खुशबू राज ने कहा कि फ्रेशर्स पार्टी नवप्रवेशियों के स्वागत का समारोह है। स्कूल से निकलकर कॉलेज में आने वाले छात्रों के मन में उत्सुकता के साथ संकोच भी रहता है। ऐसे आयोजन उनके चेहरे पर मुस्कान लाने और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रो. पूजा नायक ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कृषि रोजगारपरक शिक्षा है। इसके माध्यम से युवा सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करने के साथ स्वरोजगार भी कर सकते हैं। पूरी दुनिया को भोजन उपलब्ध कराने में किसानों और कृषि वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, जिसके लिए विश्व उनका ऋणी है इस अवसर पर डॉ. शिवशंकर सोनी, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. वीरभद्र तिवारी, डॉ. संजीव कुमार, डॉ. किशन लाल, डॉ. विपिन चौधरी, डॉ. विनय कुमार, डॉ. वैशाली, डॉ. कान्हू चरण पांडा, डॉ. गौरव सिंह सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे। वहीं हिमांशु मिश्रा, हर्ष गौतम, निर्भय शर्मा, देवांश तिवारी, एमडी संजर, सौरभ सिंह, अंकित पर्वत, अनुपम त्रिपाठी, रजनीश कुमार, नीरज कुमार, कुलदीप कुमार, आदर्श, अमरनाथ, अभिषेक, सत्यव्रत शाही, चंदन मौर्य, शिवम, स्वधा भारद्वाज, नीतू कुमारी और सुप्रिया ने आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

बारिश ने खोली लचर आपूर्ति व्यवस्था की पोल, हल्की बारिश से ही ध्वस्त हो गई पूरी आपूर्ति व्यवस्था

गोलाबाजार (गोरखपुर)। अर्नव तूफान के चलते क्षेत्र में 29 अक्टूबर की दोपहर से शुरू हुई बारिश ने विद्युत विभाग की लचर आपूर्ति व्यवस्था की पोल खोल दी। हल्की बारिश होते ही आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गयी। मामला विद्युत उपकेंद्र रतनपुर का है, जहां बारिश होने के साथ ही 33 हजार और 11 हजार की लाइनें ब्रेकडाउन हो गयी। रतनपुर उप केंद्र की 33000 की जर्जर लाइन 40 किलोमीटर दूर व दुर्गम रास्ता होने के चलते ठीक कराना संभव नहीं था इसी कारण धुरियापार उपकेंद्र से टैपिंग करके चलाने की कोशिश हुई तो 11000 की लाइन भी ब्रेकडाउन हो गयी। संविदा विद्युत कर्मियों द्वारा बारिश में भीगते हुए कठिन मेहनत के बाद लगभग 20 घंटे के बाद शुक्रवार को कई गांवों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था तो बहाल हो गई जबकि कुछ गांवों की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बहाल करने का प्रयास शनिवार को भी जारी था।

बताते चलें कि विद्युत उपकेंद्र रतनपुर का पूर्व नाम विद्युत उपकेंद्र चिल्हूपार है। यह उपकेंद्र अपने मूल स्थान चिल्हूपार से लगभग 40 कि.मी. दूर घाघरा नदी के डूब क्षेत्र में बना है। जिसके चलते बाढ़ आने पर विद्युत उपकेंद्र में पानी भर जाता है। ऐसी स्थिति में विद्युत उपकेंद्र महीनों के लिए बंद कर दिया जाता है और संबंधित गांवों को विद्युत उपकेंद्र धुरियापार से जोड़कर आपूर्ति दी जाती है। इसके अलावा इस उपकेंद्र की सबसे बड़ी समस्या उपकेंद्र की 33000 के लाइन की है जो जर्जर अवस्था में है और लगभग 40 किमी. दूर बड़हलगंज से आती है। ऐसी स्थिति में आए दिन 33000 की लाइन ब्रेकडाउन होने के चलते इस उप केंद्र के उपभोक्ताओं को आए दिन विद्युत आपूर्ति समस्या का सामना करना पड़ता है। हालांकि विभाग द्वारा धुरियापार से टैपिंग करके लाइन को चालू किया जाता है लेकिन टैपिंग का निर्णय लेने के दौरान भी कभी-कभी कई घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहती है। विद्युत आपूर्ति की समस्या से जूझ रहे ऐसे उपभोक्ताओं की आपूर्ति व्यवस्था जब विभाग की अव्यवस्था के चलते बाधित होती है उसे समय उपभोक्ताओं का आक्रोश चरम पर होता है। 30 अक्टूबर की लगभग 20 घंटे से अधिक की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था जो बाधित हुई इसका सबसे बड़ा कारण जिम्मेदारों की अव्यवस्था थी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस अव्यवस्था का जिम्मेदार कौन है? मौसम विभाग द्वारा बारिश और तूफान की चेतावनी हफ्तों पहले ही दे दी गई थी। ऐसे में जिम्मेदार अधिकारी यदि समय रहते संविदा विद्युत कर्मियों को वसूली अभियान के अलावा लाइन की पेट्रोलिंग करा कर पेड़ों की छटाई व जर्जर तारों को दुरुस्त करा लिए होते तो शायद ऐसी नौबत कभी नहीं आती। ऐसी स्थिति में ना तो उप भोक्ताओं को ही परेशानी होती और न ही लाईनमैनों को बरसात में भीग कर लाइन दुरुस्त करनी पड़ती। जिम्मेदार अधिकारियों को समझना होगा कि पैसा कलेक्शन के साथ-साथ उपभोक्ताओं को अच्छी और निर्बाध आपूर्ति देना भी उनकी जिम्मेदारी है। बहुत से विद्युत उप भोक्ताओं का कहना है कि मेंटेनेंस के नाम पर विभाग में सिर्फ कागजी खानापूर्ति होती है। यदि धरातल पर सही से मेंटेनेंस कराया गया होता तो पहली बारिश में ही 20 घंटे तक बिजली गुल होने की नौबत कभी नहीं आती। आखिर इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है? विभाग से अपेक्षा की जाती है कि ऐसे लापरवाह अधिकारियों को चिन्हित करके उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाय। ऐसे लापरवाह अधिकारी विभाग एवं शासन की छवि खराब कर रहे हैं।



151 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा, मानस महायज्ञ शुरू

मोतीरामअड्डा (गोरखपुर)। राम नगर करजहां स्थित सिद्ध शक्ति पीठ श्री कड़जही माता मंदिर परिसर में रविवार को विश्वशांति एवं जन कल्याण के लिए 151 अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ महायज्ञ के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें 151 कन्याओं ने राप्ती नदी से जल भरकर मंदिर परिसर स्थित यज्ञ स्थल तक यात्रा निकाली। सोमवार, 2 नवंबर को सुबह आठ बजे से अखंड मानस पाठ और हवन शुरू होगा। 1 से 11 नवंबर तक प्रतिदिन शाम सात से रात दस बजे तक रामलीला का मंचन होगा। 11 नवंबर को पूर्णाहुति, विशाल भंडारे और साधु-संतों के महा सम्मेलन के साथ आयोजन संपन्न होगा। महंत राजविंद्र दास ने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सप रिवार पहुंचकर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लें और यज्ञ का पुण्य लाभ प्राप्त करें।



तेज रफ्तार कार की टक्कर से युवक की मौत

सहजनवां (गोरखपुर)। गौडा थाना क्षेत्र के कालेसर जीरो प्वाइंट के पास शनिवार शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार, संतकबीरनगर जिले के मेहदावल थाना क्षेत्र के करहना गांव निवासी वेद प्रकाश चौरसिया पुत्र रामवृक्ष चौरसिया 31 अक्टूबर की शाम गोरखपुर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान कालेसर जीरो प्वाइंट के सामने पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल वेद प्रकाश को एंबुलेंस की मदद से पिपरौली अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई जयप्रकाश ने गीडा थाने में तहरीर देकर पर आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सरदार पटेल ने रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत की रखी नींव-शत्रुघ्न कसौधन

गोलाबाजार (गोरखपुर)। भारतीय जनता पार्टी के उपनगर कार्यालय पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का जीवन राष्ट्रसेवा, दृढ़ इच्छाशक्ति और एकता का अद्वितीय उदाहरण है। देश की आजादी के बाद उन्होंने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता, दूरदर्शिता और दृढ़ संकल्प के बल पर सैकड़ों रियासतों का भारतीय संघ में विलय कराया और अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका यह योगदान देश कभी नहीं भुला सकता। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। आज आवश्यकता है कि हम उनके विचारों को आत्मसात करते हुए जाति, धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर देश की एकता, अखंडता और आपसी भाई चारे को मजबूत करें। इस अवसर पर बबलू सोनकर, संजय मद्धेशिया, इमरान अंसारी, रिंकू चौधरी, अर्जुन सोनकर, तेरस प्रसाद, अमरनाथ निषाद और सरवन गुप्ता सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



◆भाजपा नगर कार्यालय पर मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती, राष्ट्रीय एकता का लिया संकल्प

अज्ञात शरारती तत्वों पर गैर इरादतन हत्या, मारपीट व धमकी का केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। गीडा थाना क्षेत्र के बाघागाड़ा में 30 अक्टूबर की रात करीब 9.30 बजे निर्माणाधीन अस्पताल में काम कर रहे श्रमिकों के साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात शरारती तत्वों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार, हरिश्चंद्र पांडेय पुत्र स्व. श्रीनाथ पांडेय निवासी भरवलिया, तारामंडल, गोरखपुर बाघागाड़ा में अस्पताल का निर्माण करा रहे हैं। 30 अक्टूबर की रात करीब 9.30 बजे अज्ञात शरारती तत्वों ने श्रमिकों पर लोहे की रॉड, सरिया और लाठी-डंडे से हमला कर दिया। हमले में अयोध्या मिश्र और मिराज गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। बचाव करने पहुंचे गोरख पासवान को भी मारा-पीटा गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या, बलवा, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

मनबढ़ों ने मां, बाप, बेटे को पीटा, केस दर्ज

सहजनवां (गोरखपुर)। सहजनवा थाना क्षेत्र के मटकापार निवासी धीरज पुत्र हरीलाल मंगलवार की शाम को सात बजे के करीब काम करके घर पहुंचा। उसी दौरान गांवों के मनबढ़ घर पर चढ़ आए और गाली गुप्ता देने लगे। जिसका विरोध किया तो मनबढ़ मारने पीटने लगे। बचाव करने पहुंचे पिता और मां को भी मनबढ़ों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी सूरज, महेंद्र, धर्मेंद्र, के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।